सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 254 | इंदौर, मंगलवार 31 मार्च, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पाकिस्तान खुद एक समस्या, भारत है उससे अच्छा मीडिएटर

### इजरायल से उठी मांग



**नई दिल्ली, (एजेंसी) इजरायल का कहना है कि पाकिस्तान से अच्छा मध्यस्थ भारत साबित होता। यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब पाकिस्तान लगातार मध्यस्थ बनने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, खबरें हैं कि ईरानी पक्ष ने बातचीत से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने वार्ता की मेजबानी करने का अनुरोध किया था।**

एक इंटरव्यू के दौरान इजरायली विदेश मंत्रालय की विशेष दूत फ्लूर हसन-नहूम से पूछा गया कि पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर सवाल किया गया। उन्होंने कहा, 'मेरा मतलब है, मुझे नहीं पता कि पाकिस्तानियों को क्या लगता है कि वे क्या कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वे खुद को प्रासंगिक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे खुद जिहादी आतंकवाद की दुनिया में एक बहुत बड़ी समस्या हैं। लेकिन, आप जानते हैं, वे कोशिश कर सकते हैं। मुझे यकीन नहीं है कि वे बहुत सफल होंगे।'

### भारत की तारीफ

इस दौरान उन्होंने भारत की तरफ से उठाए गए कदमों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा, 'भारत इजरायल का एक बहुत करीबी सहयोगी है। जैसा कि आप जानते हैं, युद्ध शुरू होने से कुछ ही दिन पहले आपके प्रधानमंत्री यहां आए थे। और हम समझते हैं कि भारत सभी के साथ बेहतरीन संबंध रखता है। अगर आप मुझसे पूछें, तो वे पाकिस्तान की तुलना में कहीं बेहतर मध्यस्थ हो सकते हैं। लेकिन देखते हैं कि चीजें आगे कैसे बढ़ती हैं।'

## ईरान के इस्फहान में अमेरिका ने दागे 2000 पाउंड के 'बंकर-बस्टर' बम

### ट्रंप ने शेयर किया खौफनाक VIDEO



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका-इजरायल और ईरान की बीच संघर्ष दिन-व-दिन भीषण होता जा रहा है. अब जानकारी आ रही है कि अमेरिका ने ईरान के प्रमुख शहर इस्फाहान में एक बड़े हथियार गोदाम पर हमला किया है. इस हमले में 2000-पाउंड (लगभग 907 किलोग्राम) के भारी बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल किया गया है. इस हमले का उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना बताया जा रहा है. साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस हमले से जुड़ा एक वीडियो शेयर किया है.

इकोनॉमिक्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका ने इस्फ़हान में एक प्रमुख गोला-बारूद डिपो पर 2,000 पाउंड के बंकर-बस्टर बमों का इस्तेमाल किया है. इससे पहले भी अमेरिका ने 7-8 मार्च को वहां हमला किया था. ऐसे में एक बार फिर अमेरिका ने बंकर बस्टर हथियारों का इस्तेमाल कर वहां तबाही मचाई है.

### ●मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्री श्री काश्यप ने भेंट किया लघु उद्योग निगम के 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र और लाखों परिवारों के स्वावलंबन का हैं आधार




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है।**

एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

## सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति : मंत्री श्री काश्यप

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के बीच सक्रिय होने के साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी निरंतर गतिशील हैं। उनके व्यापक और स्पष्ट दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप प्रदेश उद्योग-व्यापार, कृषि, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन प्रक्रिया को गति मिली है। प्रदेश के 25 औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य जारी हैं, साथ ही 6 नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। कार्यक्रम में एमएसएमई इकाई के संचालक, उद्यमी और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स मौजूद रहे।

# केसर-चंदन और सुगंधित औषधीय की खुशबू से महकी 'वीर बगीची', 5 घंटे तक चला अलिजा सरकार का महाअभिषेक

● आज सजेगी 500 किलो फूलों की रंगोली





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र के कैलाश मार्ग स्थित प्राचीन पंचकुइयां वीर बगीची में पांच दिवसीय हनुमत जयंती महोत्सव की भव्यता बढ़ती जा रही है। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को अल सुबह से ही पूरा परिसर वैदिक मंत्रों और शंखध्वनि से गूंज उठा। 'अलिजा सरकार' के दरबार में आयोजित विशेष अभिषेक और पूजन में हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवाया.**


गादीपति ब्रह्मचारी पावनानंद महाराज ने बताया कि सोमवार सुबह 11 विद्वान पंडितों के सानिध्य में भगवान का प्रातः 9 बजे दिव्य महाभिषेक अभिषेक प्रारंभ हुआ, जो लगातार 5 घंटे तक चला। इस दौरान केसर, चंदन, गुलाब जल, पंचामृत और विभिन्न दुर्लभ सुगंधित औषधियों व द्रव्यों अलग-अलग प्रकार के फलों के रस का उपयोग किया गया, जिससे पूरा पश्चिम क्षेत्र महक उठा। अभिषेक के पश्चात पवनपुत्र हनुमान का नयनाभिराम श्रृंगार किया गया। दर्शनों के लिए सुबह से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री राम' के जयकारों से गुंजायमान रहा।

महोत्सव के तीसरे दिन यानी मंगलवार को मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। मंदिर समिति के अनुसार, मंगलवार शाम को भव्य दीपदान किया जाएगा। साथ ही, सुबह उत्सव की भव्यता बढ़ाने के लिए 500 किलो फूलों से मंदिर परिसर में आकर्षक रंगोलियां सजाई जाएंगी। गादीपति पवनानंद महाराज ने बताया पांच दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन विशेष अनुष्ठान और भजन कीर्तन सामूहिक सुंदरकांड हुनमान चालीसा पाठ आयोजित कीए जा रही हैं। मुख्य जयंती उत्सव को लेकर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया है। भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए समिति द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हनुमान जयंती महोत्सव के अंतर्गत चौथे दिन बुधवार को भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरने वाली प्रभात फेरी में मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र सहित प्रदेश के अन्य शहरों से भी श्रद्धालु शामिल होंगे। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का क्रम लगातार जारी है। प्रभात फेरी के लिए 500 से ज्यादा सेवादार अलग-अलग व्यवस्थाओं को संभालेंगे।

## फर्नीचर दुकान में सुबह लगी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राजेंद्र नगर इलाके में एबी रोड स्थित रीजनल पार्क के आगे फर्नीचर की दो दुकानों में सोमवार अलसुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते दोनों दुकानें जलकर खाक हो गईं। हादसे में लाखों रुपए का फर्नीचर नष्ट हो गया। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 4:15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही 10 मिनट के भीतर दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। मामले की जांच की जा रही है।



बताया जा रहा है कि यहां संजय और विजय नाम के दो सगे भाई फर्नीचर का कारोबार करते हैं। दोनों की दुकानें पास-पास शेड बनाकर संचालित की जा रही थीं। लकड़ी और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरा सामान चपेट में आ गया।

## कटाक्ष




## प्रदेश में अधिक से अधिक हों जल संवर्धन और जल संरक्षण के कार्य : जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट

### जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी ली बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के गांव-गांव, नगर-नगर में जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी समाज के सभी वर्गों एवं आमजन के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में वृहत रूप से जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य कराएं और इस अभियान को पूरी तरह सफल बनाएं। प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान गत 19 मार्च से चलाया जा रहा है जो तीन माह तक चलेगा।**



जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में जल गंगा संवर्धन अभियान संबंधी बैठक लेकर अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा एवं जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में कराए जाने वाले कार्यों की कछारवार विस्तृत रूप रेखा तैयार कर आगामी 3 दिवस में प्रस्तुत की जाए। अभियान के सम्बन्ध में समय-समय पर विभाग द्वारा जारी विस्तृत दिशा निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संसाधन विभाग द्वारा मुख्य रूप से जल संग्रहण स्रोतों के रख-रखाव एवं मरम्मत के अनुरूप अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करना, निर्मित तालाब की पाल पर मिट्टी के कटाव अथवा अतिवर्षा से क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्माण किये जाने, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर अतिक्रमण को रोकना, संपूर्ण नहर प्रणाली में घास, झाड़ी, छोटे पेड पोधे आदि की सफाई का कार्य एवं वृक्षारोपण, शहरी आबादी क्षेत्रों में प्रमुख नहरों का चिन्हांकन व सीमांकन का कार्य, स्टाप डेम बैराज-वीयर के गेट इत्यादि की मरम्मत, बांध के फ्लस बार स्लूज बेल की मरम्मत तथा सफाई का कार्य, केचमेंट एरिया में अवरोध का चिन्हांकन कर उसे हटाना तथा अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य आदि कराए जा रहे हैं। अधिकारियों को सभी कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश दिए गए।

## पहली बार क्रिकेटरों की नीलामी आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। 31 मार्च को पहली बार मध्यप्रदेश क्रिकेट लीग के लिए नीलामी होने जा रही है। यह पहली बार है जब लीग में खिलाड़ियों की आईपीएल की तर्ज पर नीलामी हो रही है। नीलामी में फ्रेंचाइजी टीमें अपनी पसंद के क्रिकेटरों की बोली लगाकर खरीदेंगी। इससे खिलाड़ियों पर 'धन वर्षा' होने की उम्मीद है और प्रतिभाओं को बड़ा मंच मिलेगा।

नीलामी में तेज गेंदबाज आवेश खान, कुलदीप सेन, आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा, अनिकेत वर्मा के अलावा माधव तिवारी जैसे नाम शामिल हैं। वहीं वेंकटेश अय्यर और रजत पाटीदार को रिटेन किया जा चुका है। व्यंकटेश अय्यर को टीम ने 12.5 लाख रुपए और रजत को 7 लाख रुपए में रिटेन किया गया है। एमपीएल आईपीएल के ठीक बाद खेली जाएगी। नीलामी ब्रिलियंट कंवेशन सेंटर में दोपहर 3 बजे से शुरू होगी। मप्र क्रिकेट लीग के बीते दो संस्करण बेहद सफल रहे हैं और इनसे निकले कई खिलाड़ी आइपीएल में चमक बिखेर रहे हैं। मप्र लीग में खेलने के लिए दूसरे राज्यों की टीम छोड़कर भी कई खिलाड़ी मध्य प्रदेश आए हैं। इनमें अजय रोहेरा, पुनीत दाते, आनंद सिंह बैस के नाम शामिल हैं। तीनों खिलाड़ी पहले मध्य प्रदेश से ही खेला करते थे। पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलने के चलते पुदुचेरी राज्य का प्रतिनिधित्व करने लगे थे। मप्र लीग में खेलने के लिए अब तीनों ने पुदुचेरी से नाता तोड़ लिया है। आगामी सत्र में यह मप्र टीम में चयन के लिए उपलब्ध होंगे। मध्य प्रदेश से ही खेलने वाले आक्रामक बल्लेबाज आशुतोष शर्मा भी लीग में शामिल होंगे। आशुतोष घरेलू क्रिकेट में रेलवे का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने रेलवे टीम नहीं छोड़ी है, लेकिन चूंकि रेलवे की अपनी कोई लीग नहीं होती। इसलिए उन्हें मप्र लीग में खेलने के लिए विशेष अनुमति दी गई है। पहले लीग में 7 टीमें थीं, लेकिन इस बार 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इंदौर में होने वाली नीलामी में सबसे बड़ा नाम तेज गेंदबाज आवेश खान का है।

# महावीर जन्म कल्याणक पर इंदौर में आस्था का महासंगम

## कांच मंदिर से निकली भव्य स्वर्ण रथ यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भगवान महावीर जन्म कल्याणक के पावन अवसर पर शहर के 131 जैन मंदिरों में प्रातःकाल श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा का अभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना की। पर्व के उल्लास में अधिकतर घरों पर धर्मध्वज फहराई गई है।**

दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद, इंदौर के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, आनंद गोधा और प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि आज कांच मंदिर, इंदौर (हुकुमचंद मार्ग) से भव्य स्वर्ण रथ यात्रा निकाली गई। स्वर्ण रथ के सारथी बनने का सौभाग्य रोहित गंगवाल परिवार को प्राप्त हुआ है। शोभायात्रा के प्रमुख संयोजक नकुल पाटोदी और हर्ष जैन थे। स्वर्ण रथ यात्रा में 11 घोड़े, चार हाईटेक बग्घियां, बैंड-बाजे और पांच गोटों का लवाजमा शामिल थे। रथ में रजत सिंहासन पर भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजित होकर नगर भ्रमण किया।शोभायात्रा मल्हारगंज, गोरा




कुंड, खजूरी बाजार, राजबाड़ा और जवाहर मार्ग से होते हुए पुनः कांच मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न मंदिरों, समाजों और सोशल ग्रुपों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी तथा कई स्थानों पर स्वागत मंच लगाकर भव्य स्वागत किया जाएगा। गोरा कुंड, राजबाड़ा और जवाहर मार्ग पर निर्णायक मंडल के मंच लगाए गए, जहां श्रेष्ठ तीन झांकियों का चयन किया। इतरिया बाजार में समाज भोज की व्यवस्था की गई, जिसके पुण्यार्जक सुभाष सामरिया परिवार हैं। रथ यात्रा के पुरस्कार आकाश जैन कोल परिवार द्वारा प्रदान किए गए। 100 वर्षों के इतिहास में पहली बार स्वर्ण रथ को मयंक जैन के नेतृत्व में युवा हाथों से खींचा जाएगा।

शोभायात्रा के सुचारू संचालन हेतु विभिन्न क्षेत्रों में समाजजनों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्वेताम्बर जैन महासंघ के तत्वावधान में शीतलनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर, द्वारकापुरी, इंदौर पर बहुआयामी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् एवं अर्थशास्त्री डॉ. जयंतीलाल भंडारी ने कहा कि भगवान महावीर के उपदेशों में अच्छे स्वास्थ्य और संतुलित जीवन के सूत्र समाहित हैं। उन्होंने कहा कि अहिंसा, अपरिग्रह, संयम, शाकाहार, क्षमा और "जियो व जीने दो" जैसे सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग हैं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी हैं। नवकार मंत्र सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर जीवन को संतुलित बनाता है और रोगों से बचाव में सहायक सिद्ध होता है। शिविर में 500 से अधिक लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांचें एवं उपचार निःशुल्क किए गए। इनमें नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन, हृदय रोग जांच, स्त्री रोग परामर्श, डायबिटीज एवं बीपी जांच, घुटनों के एक्स-रे, दंत चिकित्सा सहित अन्य सेवाएं रहीं। शिविर के माध्यम से समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश देते हुए महावीर जन्म कल्याणक को सार्थक रूप से मनाया गया।

# 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए मंगल कलश यात्रा निकली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा के आयोजन के साथ आज सैकड़ों मातृशक्ति मंगल कलश यात्रा के साथ में शामिल हुई। मातृशक्तियों के वेद माता गायत्री की जय के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा लक्की जिम के सामने उद्यान से सैकड़ों मातृशक्तियों द्वारा वेद माता गायत्री के मंत्रों के उच्चारण, भजन कीर्तन और जयकारे के साथ संगमनगर के मार्गों से होते हुए पंचवटी गार्डन स्कीम नंबर 51 पर पहुंची।

शोभायात्रा में रामस्नेही बंटी भैया, एमआईसी सदस्य अश्विन शुक्ल, लक्की अवस्थी, राजमल शर्मा, रामलखन पाल, प्रभाकर कोहेकर, वीरसिंह यादव, ओके दुबे, ब्रजेश नागर, आदि शामिल हुए। गायत्री माता का यज्ञ हवन 31 मार्च से 2 अप्रैल तक पावन प्रज्ञा पुराण एवं दीप यज्ञ होगा। 1 अप्रैल 2026 बुधवार को संस्कार प्रातः बजे से यज्ञ दोपहर 3 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण एवं दीप यज्ञ। 31 मार्च 2026 मंगलवार प्रातः 8 बजे से देव पूजन एवं यज्ञ दोपहर 3 बजे से पावन प्रज्ञा पुराण। 2 अप्रैल गुरुवार को प्रातः 8 बजे से या एवं संस्कार तत्पश्चात महापूर्णाहुतिहोगी। द्वारका धाना, भेंट द्वारका और सोमनाथ, नामेश्वर ज्योतिर्लिंग, पावागढ़, दीव यात्रा की मंगलमय यात्रा का शुभारंभ 5 अप्रैल से 15 अप्रैल तक होगा।

# राजेंद्र नगर बना जैन एकता की मिसाल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जहां शहर में दिगंबर जैन और श्वेतांबर जैन अलग-अलग दिनों में भगवान महावीर जन्म कल्याण जुलूस निकालने पर आतुर है वहीं राजेंद्र नगर में समग्र जैन समाज द्वारा भगवान महावीर के महाभारत सत्य के आधार पर हजारों की संख्या में भगवान महावीर जन्म कल्याण पालकी यात्रा के रूप में निकला। जुलूस में पुरुष श्वेत वस्त्र और महिलाओ ने केसरिया वस्त्र धारण किए थी। जुलूस मार्ग स्थित चौराहा का नामकरण अहिंसा सर्किल के नाम से हो ऐसी पार्षद महोदय के सामने मांग रखी गई अशोक मेहता संस्थापक जैन फोरम ने बताया कि इस चौराहे के निर्माण में लगने वाली लागत जैन फोरम वहन करेगा और समस्त राजेंद्र नगर वासीयो को उनकी एकता के सारगर्भीत प्रयास एवं प्रदर्शन के लिए सभी को बधाई दी और उम्मीद जाहिर की इंदौर वासी भी ऐसा ही उदाहरण अगले वर्ष प्रस्तुत करेंगे। पालना यात्रा में कैलाश पाटनी, अशोक मेहता, राजेश तेजावत, दीपक पाटनी पार्षद प्रशांत बड़वे, डॉक्टर सुधीर कटारिया, मानकचन्द चौधरी, अतिथिगण इंटरनेशनल जैन फोरम से अशोक मेहता, कांतिलाल बम, निर्मल कसलीवाल, हेमंत तिवारी एवं क्षेत्र के सभी दिगंबर एवं श्वेताम्बर समाज के समाज बंधु - बहिनों द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ अपनी सहभागिता की गईं, जुलुस मार्ग में स्थानक भवन पर विराजित संत मंडल द्वारा मांगलिक वाचन किया गया एवं श्वेताम्बर मंदिर पर सभी श्रद्धालुओं को प्रभावना वितरित की गईं, अंत में नगर भ्रमण करते हुए मन्दिरजी में भगवान का अभिषेक हुए पश्चात स्वल्पाहार लेकर मंगल यात्रा का समापन हुआ। दिलीप पाटनी कै संयोजन में निकले ऐतिहासिक जुलूस के लिए एवं राजेश तेजावत द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

### मंच पर नहीं मिली कुर्सी तो लौट गए सत्तन गुरु

# अब भाजपा अध्यक्ष और महापौर ने मांगी माफी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दशहरा मैदान पर आयोजित नगर निगम के कार्यक्रम से वरिष्ठ भाजपा नेता और कवि सत्यनारायण सत्तन यानी सत्तन गुरु के वापस लौटने के बाद पार्टी के गलियारों में खलबली मच गई है। सोमवार को स्थिति को संभालने के लिए भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा खुद सत्तन गुरु के निवास पर पहुंचे और उनसे लंबी मुलाकात की।**

इस मुलाकात के बाद मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि सत्तन गुरु हमारे सबसे वरिष्ठ नेता हैं और यदि उनसे कोई भूल हुई है तो हम गुरुजी से 25 बार माफी मांगने को तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी इस पूरे घटनाक्रम पर अपना आधिकारिक बयान जारी किया है जिसमें उन्होंने गहरा खेद प्रकट करते हुए हृदय से क्षमा मांगी है। रविवार को इंदौर के दशहरा मैदान पर नगर निगम द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसी सिलावट सहित कई दिग्गज जनप्रतिनिधि



और पार्षद मौजूद थे। कार्यक्रम के लिए सत्यनारायण सत्तन को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। वे निमंत्रण का मान रखते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे भी थे लेकिन जब वे मंच की ओर बढ़ रहे थे तब वहां मौजूद एक कार्यकर्ता ने उन्हें रोक दिया। कार्यकर्ता ने तर्क दिया कि बैठने की सूची और कुर्सियों पर उनका नाम अंकित नहीं है। इस व्यवहार से आहत होकर सत्तन गुरु कार्यक्रम शुरू होने से पहले ही वहां से वापस लौट आए। सोमवार को सुमित मिश्रा ने सत्तन गुरु के घर पहुंचकर उनसे बंद कमरे में चर्चा की। मीडिया से बात करते हुए मिश्रा ने कहा कि वे हमारे मार्गदर्शक हैं और पार्टी के विभिन्न अभियानों में हमें उनका मार्गदर्शन मिलता रहता है। उन्होंने बताया कि वे गुरुजी को आगामी कार्यक्रमों में बतौर वक्ता आमंत्रित करने के लिए आए थे। दशहरा मैदान की घटना को उन्होंने एक दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी करार दिया। मिश्रा ने जोर देकर कहा कि संगठन में काम करते समय कई बार अनजाने में त्रुटियां हो जाती हैं और गुरुजी जैसे वरिष्ठ नेता के सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सत्यनारायण सत्तन ने इस पूरे मामले पर अपनी बेबाक राय रखी। उन्होंने बताया कि रविवार को वे राकेश शर्मा, तोमर और वाजपेयी के साथ वहां पहुंचे थे। वहां तैनात कार्यकर्ता ने उन्हें बैठने की अनुमति नहीं दी जिसके बाद उन्होंने वहां से जाना ही उचित समझा। सत्तन ने चुटकी लेते हुए कहा कि अब नई पार्टी और नए लोग हैं जिनके रीति-रिवाज अलग हैं। उन्होंने कहा कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से फोन कर और सड़क पर रोककर आने का आग्रह किया था। सत्तन गुरु के अनुसार चूंकि कार्यक्रम नगर निगम का था और महापौर ने उन्हें आमंत्रित किया था इसलिए व्यवस्थाओं की पूरी जिम्मेदारी भी उन्हीं की बनती थी। विवाद बढ़ता देख महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बयान जारी कर अपनी स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि सत्तन गुरु को पूरे आदर के साथ आमंत्रित किया गया था और मंच पर उनके लिए कुर्सी की व्यवस्था भी की गई थी। हालांकि कुर्सी पर नाम की पर्ची न लग पाने और आपसी संवाद में हुई कमी के कारण यह अप्रिय स्थिति निर्मित हुई। महापौर ने कहा कि इस तकनीकी चूक के कारण वरिष्ठ नेता को जो असुविधा हुई है उसके लिए वे व्यक्तिगत रूप से क्षमा प्रार्थी हैं और उन्हें इस घटना का बेहद दुख है।

## मध्यप्रदेश सहित राजस्थान और छत्तीसगढ़ के युवा विधायक हुए शामिल

# राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राजनीति में विनम्रता, मर्यादा और अनुशासन आवश्यक है। वे ही इस क्षेत्र में सक्रिय और सफल हो सकते हैं, जिनमें जनसेवा और जनकल्याण की भावना हो। व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से राजनीति में आने वाले लोगों के कारण लोकतांत्रिक मूल्यों और व्यवस्था पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जनप्रतिनिधियों के लिए जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील होना, अध्ययनशील होना, तनाव प्रबंधन में दक्ष होना और जनहित के लिए पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। कोई समस्या आने पर जनप्रतिनिधि का व्यवहार और समस्या निराकरण के लिए उनका प्रबंधन कौशल, उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। सकारात्मक और समाज हित की गतिविधियों और विकास कार्यों के लिए हमें दलगत मतभेदों से ऊपर उठकर सोचना और कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायकों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा के विधान परिषद हाल में हुआ कार्यक्रम वंदे मातरम के गान के साथ आरंभ




हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार विशेष रूप से उपस्थित थे। सम्मेलन में राष्ट्रकुल संसदीय संघ (भारत क्षेत्र 6) के तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान के 45 वर्ष आयु तक के विधायक सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मानना कि लोकतंत्र के विचार की उत्पत्ति पश्चिम से हुई थी, पूर्णतः सत्य नहीं है। लोकतंत्र, भारतीय राजनैतिक व्यवस्था का नैसर्गिक गुण है। भारतीय व्यवस्थाओं में सदैव से ही मत भिन्नता को सम्मान दिया गया है, राजनैतिक और धार्मिक व्यवस्थाओं में शास्त्रार्थ की परम्परा प्राचीन समय से रही है। भारत में विचारों की अभिव्यक्ति को सभी क्षेत्रों में सम्मान और महत्व प्रदान किया गया। भारत में ऐतिहासिक रूप से जुड़े लोकतंत्र के संस्कारों और मूल्यों का ही परिणाम है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी देश में लोकतंत्र पर आधारित व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित होती रहीं। जबकि अन्य पड़ोसी देशों का हाल सबके सामने है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा विधायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें हर स्थिति में सम भाव से रहने की प्रेरणा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से लेना चाहिए। जब उन्हें राजपाट सौंपा जाना था, तब उन्हें वनवास दे दिया गया। परंतु उन्होंने दोनों स्थितियों को समभाव से लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य सहित कई भारतीय शासकों के इतिहास से ज्ञात होता है कि उन्होंने कभी अपनी अगली पीढ़ी को राज सत्ता सौंपने का उपक्रम नहीं किया। राज्य के प्रबंधन में लगे लोगों ने ही उनके बाद व्यवस्थाएं संभाली। ऐसे महान शासकों का मानना था कि यदि अगली पीढ़ी में नेतृत्व क्षमता और राज सत्ता के प्रबंधन की दक्षता होगी, तो वे स्वयं इस दिशा में सक्रिय होंगे। इन भारतीय मूल्यों और परम्पराओं का वर्तमान में भी पालन होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों और सत्ता से जुड़े लोगों का अपने परिवार को समय देना और उन्हें अच्छे संस्कार देना भी आवश्यक है। अच्छे संस्कारों के अभाव में अगली पीढ़ी द्वारा यश प्रभावित करने की संभावना बनी रहती है। जनप्रतिनिधियों को इस ओर से विशेष रूप से संवेदनशील और सतर्क रहना चाहिए। अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा, श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का मुख्य दायित्व जनता और शासन के बीच प्रभावी संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब जनता, विधायिका और शासन की प्रक्रियाओं के बीच पारदर्शिता और सहभागिता बढ़े। उन्होंने कहा कि विधायक केवल चुनाव जीतने तक सीमित न रहें, बल्कि अपने अध्ययन, चिंतन और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के माध्यम से समाज के विकास में सक्रिय योगदान दें। एक प्रभावी विधायक वही है जो सदन की कार्यवाही में सक्रिय रूप से भाग ले, प्रश्न पूछे, मुद्दों पर तैयारी के साथ चर्चा करे और जनता से जुड़े विषयों को गंभीरता से उठाए। नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग सिंघार ने कहा कि विधायक बनने के साथ ही हमारी स्वयं की कई अपेक्षाएं होती हैं। विधानसभा क्षेत्रवासी भी विधायक को विकास, जनसुविधा और जनकल्याण के कार्यों के लिए बहुत आशा से देखते हैं। विधायक का पद अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को मुखर करने का प्रभावी माध्यम है। अपने क्षेत्र के लोगों से दिल से जुड़ना और उनके साथ भावनात्मक संबंध बनाना जरूरी है।

## सीएम आज वाराणसी में मप्र-यूपी सहयोग सम्मेलन में होंगे शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वाराणसी में आयोजित "एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026" में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, पारंपरिक शिल्प, ओडीओपी और जीआई टैग उत्पादों, कृषि एवं खाद्य उत्पादों, निवेश अवसरों और पर्यटन संभावनाओं को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करेंगे। इस सम्मेलन में दोनों राज्यों की प्रमुख ताकतें एक साथ सामने आएंगी और उत्पादन, बाजार तथा पहचान से जुड़े विभिन्न आयामों पर केंद्रित संवाद स्थापित होगा। सम्मेलन में उद्योग, शिल्प, निवेश और पर्यटन से जुड़े हितधारक एकत्रित होंगे, जहां व्यावहारिक सहयोग, बाजार विस्तार और साझा पहल पर चर्चा का स्पष्ट स्वरूप दिखाई देगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वाराणसी यात्रा काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अध्ययन भ्रमण से होगी, जहां तीर्थ क्षेत्र में विकसित क्राउड फ्लो मैनेजमेंट, अधोसंरचना लेआउट और तीर्थयात्री प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया जाएगा। यह अनुभव धार्मिक पर्यटन स्थलों के सुव्यवस्थित विकास और



आधुनिक प्रबंधन प्रणाली को समझने का आधार बनेगा। इसके बाद एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन स्थल पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया जाएगा, जिसमें मध्यप्रदेश के ओडीओपी उत्पाद, जीआई टैग हस्तशिल्प, पारंपरिक वस्त्र, औद्योगिक क्षमताएं और पर्यटन संभावनाएं प्रदर्शित होंगी। यह प्रदर्शनी राज्य की आर्थिक और सांस्कृतिक विविधता को एक ही मंच पर प्रस्तुत करते हुए निवेशकों और प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष रूप से जोड़ने का कार्य करेगी। सम्मेलन के मुख्य सत्र में निवेश, औद्योगिक सहयोग और ओडीओपी आधारित अर्थव्यवस्था पर केंद्रित चर्चा होगी, जहां मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों, अधोसंरचना और प्रोत्साहन तंत्र को प्रस्तुत किया जाएगा। इसी सत्र में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिससे औद्योगिक निवेश, कौशल विकास, हस्तशिल्प संवर्धन और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग को औपचारिक रूप दिया जाएगा।

## दो नाबालिगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, बुजुर्ग से दिलाया पहरा, वीडियो बनाया ताकि चुप रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। झारड़ा थाना क्षेत्र में एक मासूम बालिका के साथ दो नाबालिगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। चार दिन खौफ मे रहने के बाद पीड़िता ने चुप्पी तोड़ी और पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है।**

बताया जाता है कि यह वारदात 24 मार्च की है। पुलिस जांच में सामने आया कि दो नाबालिगों ने एक नाबालिग लड़की का न सिर्फ सामूहिक दुष्कर्म किया, बल्कि उसे डराने के लिए वीडियो भी बना लिया। इस घटना में गांव के ही बुजुर्ग और युवक ने सहयोग किया। घटना के बाद पीड़िता इतनी भयभीत थी कि उसने चार दिनों तक किसी को कुछ नहीं बताया। शनिवार को वह साहस जुटाकर अपने परिजनों के साथ झारड़ा थाना पहुंची, जहां उसने यह आपबीती सुनाई। झारड़ा टीआई आनंद भाबोर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट व वीडियो बनाने के कारण आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

टीआई भाबोर ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से वयस्कों को जेल और नाबालिगों को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। मामले की तफ्तीश की जा रही है। जांच के बाद जल्द ही चालान कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### यह हैं आरोपी

दो नाबालिग- उम्र करीब 17 वर्ष, बारी-बारी से किया दुष्कर्म।

75 वर्षीय भंवर सिंह आंजना - आरोप है कि इस बुजुर्ग ने नाबालिग आरोपियों को दुष्कर्म करने के लिए अपने घर में जगह उपलब्ध कराई।

57 वर्षीय नाथू स्वरूप- इसने आरोपियों की मदद की।

22 वर्षीय राहुल- इसने वारदात के दौरान मोबाइल से वीडियो बनाया, ताकि पीड़िता को डराया-धमकाया जा सके।

## उज्जैन में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में होमगार्ड सैनिक हरीलाल मालवीय (56 वर्ष) की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की है। वे चिमनगंज मंडी थाने में ड्यूटी कर रहे थे, तभी अचानक बेहोश होकर गिर गए। साथी पुलिसकर्मियों ने उन्हें देखा और बचाने के लिए तुरंत सीपीआर दिया, लेकिन उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, उनकी मृत्यु श्वसन तंत्र फेल होने के कारण हुई है। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। हरीलाल मालवीय को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। लेकिन कुछ देर चले उपचार के बाद उनकी मौत हो गई।

## मुख्यमंत्री ने मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया

**सागर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर श्रमण मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल के दिगंबर एवं श्वेतांबर जैन समाज द्वारा संयुक्त तत्वाधान में निकाली जा रही भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का इतवारा पहुंचकर स्वागत कर यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुनि श्री 108 संभव सागर जी महाराज सहित अन्य मुनिगण को श्रीफल भेंट कर उनका अभिवादन किया।

## युवक की पीट पीटकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** जिले में गर्लफ्रेंड को भगाने पहुंचे 26 वर्षीय अर्जुन पाल की युवती के परिजनों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना रविवार देर रात की है। सोमवार सुबह उसका शव गांव के पास नाले में मिला। पुलिस ने युवती के पिता, दादा सहित 5 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रन्नौद थाना क्षेत्र के नेगमा गांव निवासी अर्जुन पाल का कोलारस की 20 वर्षीय युवती से प्रेम संबंध था। सोमवार को युवती की सगाई तय थी। उसने अर्जुन को जानकारी दी, जिसके बाद दोनों ने भागने की योजना बनाई। रविवार देर शाम अर्जुन अपने रिश्तेदार कल्ला पाल के साथ कोलारस पहुंचा।

# संपादकीय

## ऊर्जा आत्मनिर्भरता: चीन से तुलना और भारत की विफलता

खाड़ी क्षेत्र की अशांति से भले अभी भारत में तेल-गैस की भारी किल्लत नहीं हुई हो, लेकिन हालात इसी दिशा में बढ़ रहे हैं। कुछ राज्यों में चुनाव होने वाले हैं तो केंद्र सरकार ने अपना टैक्स घटाकर ईंधन की कीमतें काबू में करने की कोशिश की है। जिनका पेशा बाजार को उम्मीद बंधाए रखने का है, वे कह रहे हैं कि अप्रैल के दूसरे हफ्ते से हालात संभलने लगेंगे। यह सब ठीक है, लेकिन इस सवाल पर बात करने की जरूरत अभी किसी को महसूस नहीं हो रही कि बाहर से आए तेल और गैस पर हम दिनोंदिन अत्यधिक निर्भर क्यों होते जा रहे हैं। भारत तेजी से विकसित हो रहा है। तेल-गैस के नए स्रोत हमारे यहां मिल ही नहीं रहे तो हम क्या करें- पूछने वालों का मुंह बंद करने वाले ये जवाब हमने रट लिए हैं। इन्हें एक तरफ रखकर हमें पिछले 25 बरसों में भारत और चीन के तेल-गैस आयात के आंकड़ों की तुलना करनी चाहिए। निश्चित रूप से, चीन भी विकसित होता हुआ देश है। मौजूदा सदी में विकास की तेज रफ्तार के बावजूद तेल-गैस की ऐसी कोई नई खोज वहां भी नहीं हुई है। आयातित कच्चे तेल और गैस पर निर्भरता घटाने को लेकर 2007-08 में खूब बहस हुई। तब कच्चे तेल का दाम साल भर में दोगुना हो गया था। चीन अपने यहां होने वाले ओलिंपिक खेलों को ध्यान में रखते हुए अपना रिजर्व स्टॉक बढ़ा रहा था। फिर अमेरिका में बैंकों के दिवालिया होने से डॉलर की कीमत नीचे आई तो डॉलरों में ही चलने वाला तेल का बाजार भाव रॉकेट की तरह उड़ गया। तब यह चर्चा भी थी कि तेल के कुएं अब सूखने लगे हैं। उस वक्त भारत अपनी जरूरत का 80% और चीन 54% तेल बाहर से मंगा रहा था। संकट चला गया और कच्चा तेल 147 डॉलर प्रति बैरल से लुढ़क कर 50-60 डॉलर पर आ गया। बाहर से तेल मंगवाने की चीनी रफ्तार ओलिंपिक्स के बाद भी रेकॉर्ड तोड़ ऊंचाइयां छूती गई। 2015 में यह देश अपनी जरूरत का 70% तेल आयात कर रहा था। उसके बरक्स भारत का रुख तब नियंत्रित रहा और उसका आयात 80 से बढ़कर 82% पर ही गया। तब से अब तक भारत और चीन में दो काम बहुत अलग किस्म के हुए। पहला, भारत का तेल आयात बढ़कर कुल जरूरतों के 89% तक जा पहुंचा है, जबकि चीन के मामले में यह 73% से आगे नहीं बढ़ा। दूसरा, चीन अपना 8-10% तेल कजाखस्तान, रूस और बर्मा से पाइपलाइनों के जरिये मंगाने लगा। समुद्र के रास्ते आने वाले तेल पर उसकी निर्भरता 63-65% ही रह गई है। इसके बरक्स आज भी भारत 89% आयातित तेल समुद्री मार्गों से ही मंगा रहा है। गैस की स्थिति थोड़ी बेहतर है। 2000 तक भारत की गैस जरूरतें घरेलू स्रोतों से ही पूरी हो जाती थीं। इसका आयात शुरू हुआ तो 2015 में 30% और 2021 में 52% गैस बाहर से मंगाई जाने लगी। अभी 50% नैचुरल गैस बाहर से आती है।

Health is Wealth

# ओवेरियन कैंसर के शुरुआती संकेत जिन्हें महिलाएं करती हैं इग्नोर, जानें लक्षण और बचाव के तरीके

कैंसर की बीमारी भारत में तेजी से फैल चुकी है। पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर का खतरा बढ़ रहा है, तो महिलाओं में ओवेरियन कैंसर। ओवेरियन कैंसर महिलाओं की ओवरी में होने वाली एक खतरनाक बीमारी है, जो समय के साथ जानलेवा हो जाती है। ओवेरियन कैंसर के बारे में जल्दी पता नहीं चल पाता और महिलाएं अक्सर शुरुआती लक्षणों को अनदेखा भी कर देती हैं। यही कारण है कि इस कैंसर से अब तक हजारों महिलाएं अपनी जान गंवा चुकी हैं और इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। ओवेरियन कैंसर तब होता है जब आपके अंडाशय या फैलोपियन ट्यूब में असामान्य कोशिकाएं बढ़ती हैं और नियंत्रण से बाहर हो जाती हैं। ओवेरियन कैंसर पेल्विस से फैलते हुए लिवर, पेट, आंत, छाती तक भी पहुंच जाता है और ऐसे में महिला की मौत हो सकती है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, ओवेरियन कैंसर भारतीय महिलाओं में तीसरा और दुनिया भर में आठवां सबसे आम कैंसर है। सभी कैंसर के मामलों के 3.44 प्रतिशत मामले ओवेरियन कैंसर के होते हैं। भारत में ओवेरियन कैंसर से होने वाली कुल मौतों का प्रतिशत 3.34 है। ओवेरियन कैंसर होने पर शुरुआत से ही कुछ लक्षण दिखाई पड़ने लगते हैं, जिन्हें अक्सर महिलाएं नजरअंदाज कर देती हैं। अगर आपके शरीर में ये संकेत दिख रहे हैं, तो टेस्ट करा लेने की जरूरत है। चलिए बताते हैं ओवेरियन कैंसर के मुख्य लक्षण क्या होते हैं और इससे बचाव के लिए क्या करें?

### शुरुआती लक्षण क्या होते हैं?

महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निघत आरिफ का कहना है कि ओवेरियन कैंसर के शुरुआत लक्षण इतने हल्के और मामूली होते हैं कि लोग अक्सर इन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। अगर इन्हें समय पर पहचान लिया जाए, तो ओवेरियन कैंसर का पूरा इलाज संभव है। चलिए बताते हैं ओवेरियन कैंसर



के शुरुआती लक्षण क्या होते हैं-

### 1- ब्लोटिंग की समस्या

पेट फूला रहना, भारीपन, तना हुआ महसूस होना जैसी चीजों को कहा जाता है ब्लोटिंग। खाना खाने के बाद कुछ ब्लोटिंग की समस्या होना आम बात है और अक्सर लोगों के साथ ये होता है। लेकिन महिलाओं को अगर हर समय ब्लोटिंग की प्रॉब्लम हो रही है। पेट में भारीपन या फूलने की समस्या बनी हुई है, तो इसे नजरअंदाज न करें।

### 2- पेल्विक एरिया में दर्द

पेट के निचले हिस्से में होने वाले दर्द को महिलाएं अक्सर पीरियड्स का पेन समझकर या फिर ऐसे ही इग्नोर कर देती हैं। ओवेरियन कैंसर होने पर पेल्विक एरिया पर इफेक्ट पड़ता है, इसलिए पेट के निचले हिस्से में दर्द बना रहता है। कई केसेस में ये दर्द हल्का-हल्का लगातार बना रहता है, तो कुछ को कभी-कभी होता है।

### 3- भूख की कमी-जल्दी पेट भरना

ओवेरियन कैंसर हो या अन्य कोई इसकी सबसे पहली पहचान है भूख की कमी होना या फिर जल्दी पेट का भर जाना। अगर आपको भूख कम लग रही है या फिर खाना खाते हुए पेट जल्दी भर रहा है, तो ये ओवेरियन कैंसर के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं।

### 4- बार-बार पेशाब आना

ओवेरियन कैंसर के शुरुआती लक्षणों में से एक है बार-बार पेशाब आना। कैंसर सेल्स की वजह से आस-पास के अंगों जैसे ब्लैडर पर प्रेशर पड़ने लगता है ऐसे में पेशाब बार-बार आती है और प्रेशर के साथ महसूस होती है।

### 5- वजन कम होना और थकान

ओवेरियन कैंसर के लक्षणों में से एक है आपका वजन तेजी से कम हो रहा हो और बिना किसी काम के भी थकान महसूस होना। ये सभी चीजें ओवेरियन कैंसर के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। कई लोगों का वजन 2-3 किलो कुछ हफ्ते में ही कम हो जाता है। इसलिए अपने वजन को भी मॉनिटर किया करें।

### किन्हें रहता है ज्यादा खतरा

40 के बाद खासतौर पर 50-60 की उम्र वाली महिलाओं में ओवेरियन कैंसर के केसेस ज्यादा पाए गए हैं। जिन महिलाओं को बच्चे नहीं होते हैं, उनकी ओवरी में भी गांठ हो सकती है। फिर वही गांठ कैंसर का रूप ले लेती है। अगर परिवार में पहले से किसी को हुआ हो, तब भी खतरा रहता है। किसी भी तरह के लक्षण दिखाई देने पर महिलाओं को अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट और जरूरत पड़ने पर BRCA1, BRCA2 जीन टेस्ट करा लेने चाहिए, इससे शुरुआती पहचान हो सकती है।

### निष्कर्ष

ओवेरियन कैंसर का खतरा महिलाओं में तेजी से बढ़ रहा है लेकिन समय पर इलाज कराने से इसे कंट्रोल में किया जा सकता है। कई महिलाओं ने शुरुआत में ही इसे पकड़ा और सही इलाज और लाइफस्टाइल से इसे कंट्रोल किया। आप भी किसी भी लक्षण को नजरअंदाज न करें।


# फैटी लिवर है? महीने में 2 बार पीएं नींबू-पुदीने वाली ये ड्रिंक, डॉक्टर ने बताया पुराना नुस्खा!

फैटी लिवर आज के समय में एक कॉमन समस्या बन चुकी है। पहले ये समस्या सिर्फ ज्यादा शराब पीने वालों में देखी जाती थी, वहीं आज नॉन-अल्कोहोलिक लोगों में भी आम हो गई है। वजह है बिगड़ता खानपान और ओवरऑल लाइफस्टाइल, जिसने शरीर को बीमारियों का घर बना दिया है। खैर, सबसे अच्छी बात ये है कि फैटी लिवर को रिवर्स भी किया जा सकता है और इसके लिए कुछ बहुत महंगा और मुश्किल करने के जरूरत नहीं है। बस अगर अपने लाइफस्टाइल और खानपान में सुधार किया जाए और साथ ही कुछ घरेलू नुस्खे भी अपनाए जाएं तो काफी राहत मिल सकती है। डॉ प्रियंका त्रिवेदी ने एक इंस्टाग्राम वीडियो के जरिए फैटी लिवर की एक होम रेमेडी शेयर की है, जिसे आपको सिर्फ महीने में दो बार लेना है। इससे काफी राहत मिलेगी। आइए जानते हैं -

### फैटी लिवर क्या और क्यों होता है?

फैटी लिवर एक ऐसी स्थिति है जिसमें लिवर में जरूरत से ज्यादा फैट जमा होने लगता है। पहले ये आमतौर पर शराब पीने वाले लोगों में पाया जाता था, लेकिन आजकल गलत खानपान (ज्यादा तला-भुना, मीठा, जंक और प्रोसेस्ड फूड) खाने की वजह से ये काफी कॉमन होता जा रहा है। इसके अलावा ज्यादातर समय बैठे रहना, फिजिकल एक्टिविटी का अभाव, मोटापा,





शुगर और कोलेस्ट्रॉल जैसी कई वजहें इसके पीछे जिम्मेदार हैं।

### फैटी लिवर से राहत पाने का घरेलू उपाय

डॉ प्रियंका त्रिवेदी ने एक घरेलू नुस्खा शेयर किया है जो फैटी लिवर या लिवर से जुड़ी किसी भी समस्या में राहत देने का काम करेगा। दरअसल ये ड्रिंक लिवर को डिटॉक्स करने में मदद करती है, जिससे लिवर पर जमा फैट भी कम होने लगता है। इस ड्रिंक को बनाने के लिए आपको 4 चम्मच पुदीना का रस, 1 चम्मच नींबू का रस और एक चौथाई चम्मच काले नमक को एक गिलास पानी में अच्छे से घोलकर पीना है।

### इस ड्रिंक को कब-कब पीना है?

डॉ प्रियंका बताती हैं कि इस ड्रिंक को आपको 15-15 दिनों के अंतराल (गैप) पर पीना है। यानी महीने में लगभग दो बार ही इसे ड्रिंक करना है। एक बार जब आप ये पी लेते हैं तो लगभग 15 दिनों के लिए लिवर डिटॉक्स हो जाता है। इससे ज्यादा बार पीने से परहेज करें।

### क्या-क्या फायदे मिलेंगे?

अगर आपकी उम्र 12-15 साल से ऊपर है और आपको फैटी लिवर की समस्या है, तो ये घरेलू ड्रिंक आपको अपनी डाइट में जरूर शामिल करनी चाहिए। ये लिवर डिटॉक्स में तो हेल्प करती ही है, साथ ही अगर आपको अपच, गैस, खट्टी डकारें आना जैसी समस्याएं है, तो भी इस ड्रिंक से काफी ज्यादा फायदा मिलने वाला है।

New Delhi

# एलपीजी संकट से फैक्ट्रियों पर ताला, रेलवे स्टेशनों पर मजदूरों की भीड़, राजस्थान-मुंबई-गुजरात हर जगह एक जैसा नजारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मिडिल-ईस्ट में जारी जंग का असर अब भारत के कई राज्यों में साफ दिखने लगा है और एलपीजी संकट ने उद्योग से लेकर आम जनजीवन तक को हिला दिया है. राजस्थान में कमर्शियल एलपीजी की कमी के चलते कपड़ा, मार्बल और केमिकल फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं, जिससे हजारों मजदूर बेरोजगार होकर घर लौटने को मजबूर हैं.

मुंबई में हालात ऐसे हैं कि लोग एक सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं और कालाबाजारी के चलते कीमतें दोगुनी-तीन गुनी हो चुकी हैं.

गुजरात के सूरत में भी गैस की भारी किल्लत की



वजह से प्रवासी मजदूरों का बड़े पैमाने पर पलायन शुरू हो गया है. मजदूरों का कहना है कि जब खाना बनाना ही मुश्किल हो गया है, तो शहर में रहना बेकार है. सरकार के दावों के बावजूद जमीनी हालात गंभीर बने हुए हैं.

खाड़ी देशों में छिड़ी लड़ाई का असर राजस्थान में दिखने लगा है. कपड़े से लेकर सेरामिक और मार्बल तक के कंपनियों में कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं होने से इंडस्ट्रियल सप्लाई चेन डिस्टर्ब हो गया है. हजारों की तादाद में फैक्ट्रियां बंद हुई हैं, जिससे बड़ी संख्या में मजदूर बेरोजगार हुए हैं. फैक्ट्रियां बंद होने से कोराना जैसे दौर का डर सताने लगा है, जो मजदूर बचे भी हैं उनके एलपीजी घरेलू सिलेंडर नहीं मिलने से खाने पीने का भी संकट पैदा हो गया है.

New Delhi

## उत्तर-पश्चिम में बारिश-बर्फबारी, पारा गिरा

### मौसम विभाग ने कहा- पूरे सप्ताह बदला रहेगा मौसम का मिजाज



**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के अधिकतर हिस्सों में सोमवार को छिटपुट बारिश हुई, 30-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी दर्ज की गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई। पूर्वोत्तर भारत में भारी बारिश हुई है और कई जगहों पर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। बदले मौसम से आम लोगों को गर्मी से राहत तो मिली, लेकिन किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ गईं। इस पूरे सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत में छिटपुट बारिश होने और तापमान में 2-4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आने की संभावना है।**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ताजा बुलेटिन के अनुसार, सोमवार को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, राजस्थान में गरज और चमक के साथ बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। त्रिपुरा और केरल में छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश (7-11 सेमी) दर्ज की गई। हरियाणा, पश्चिमी मध्य प्रदेश और मध्य महाराष्ट्र में छिटपुट स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई। वहीं, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा, ओडिशा, उत्तराखंड, कोंकण, महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, गुजरात क्षेत्र में छिटपुट स्थानों पर बारिश दर्ज की गई।

Uttarpradesh

## सीएम योगी की मां पर अभद्र कमेंट करने वाला मौलाना अब्दुल्ला सलीम गिरफ्तार, बिहार से उठा लाई यूपी एसटीएफ

**लखनऊ, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश की स्पेशल टास्क फोर्स (UP STF) ने सोमवार देर शाम बिहार के पूर्णिया जिले से मौलाना अब्दुल्ला सलीम को गिरफ्तार कर लिया. मूल रूप से अररिया के रहने वाले मौलाना ने एक धार्मिक सभा में गौकशी कानूनों पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां और गौमाता के प्रति अभद्र टिप्पणी की थी. इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बलरामपुर और बहराइच समेत कई जिलों में केस दर्ज हुए. यूपी पुलिस की कई टीमें अलर्ट पर थीं और सादी वर्दी में पहुंची एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से मौलाना को हिरासत में ले लिया. रिपोर्ट्स के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान मौके पर काफी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी. सादी वर्दी में आए पुलिसकर्मियों द्वारा मौलाना को ले जाते देख स्थानीय लोगों को लगा कि यह अपहरण की घटना है. मामला तब शांत हुआ जब स्थानीय विधायक ने थाने से संपर्क किया. विधायक ने पुष्टि की कि यह कानूनी कार्रवाई है और उन्होंने परिवार को कानून पर भरोसा रखने को कहा. एक सीसीटीवी फुटेज में पुलिस मौलाना को ले जाती दिख रही है।

Uttarpradesh

कानपुर का किडनी गैंग

## उत्तराखंड के युवक से 10 लाख में खरीदी बिहार की महिला को 90 लाख में बेची

**कानपुर, (एजेंसी)** कानपुर में किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़े एक संगठित रैकेट का खुलासा हुआ है. शुरुआती जांच में सामने आया है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को लालच देकर उनकी किडनी कम कीमत पर ली जा रही थी और फिर उसे कई गुना ज्यादा रकम में मरीजों को बेचा जा रहा था. इस पूरे मामले में रावतपुर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल की भूमिका संदेह के घेरे में है. क्राइम ब्रांच ने देर रात छापेमारी कर अस्पताल संचालकों, एक डॉक्टर दंपती और बिचौलिये को हिरासत में लिया है.

इस खुलासे की शुरुआत एक शिकायत से हुई, जांच आगे बढ़ते ही पुलिस को अवैध किडनी ट्रांसप्लांट के ठोस संकेत मिले. इसके बाद क्राइम ब्रांच और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई तेज की. अस्पताल संचालक, एक बिचौलिया समेत कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, जबकि शहर के अलग-अलग अस्पतालों में छापेमारी कर रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं.

जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे बेहद चौंकाने वाले हैं. कल्याणपुर क्षेत्र के आवास विकास-3 निवासी शिवम अग्रवाल पर आरोप है कि उसने उत्तराखंड के एक युवक को 10 लाख रुपये का लालच देकर किडनी देने के लिए तैयार किया. युवक को बताया गया कि किडनी किसी रिश्तेदार के लिए ली जा रही है. आर्थिक तंगी के कारण युवक तैयार हो गया. इसके बाद रावतपुर के एक अस्पताल में उसकी सर्जरी कर किडनी निकाल ली गई.

खेल

# आईपीएल में राजस्थान की जीत से शुरुआत, चेन्नई पर कहर बनकर टूटे रॉयल्स के खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी (52) और यशस्वी जायसवाल (38*) की तूफानी पारियों की मदद से राजस्थान रॉयल्स ने 128 रनों के लक्ष्य को 12.1 ओवर में हासिल कर लिया। इसी के साथ राजस्थान ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। सोमवार को गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में चेन्नई ने 19.4 ओवर में 10 विकेट पर 127 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 12.1 ओवर में दो विकेट पर 128 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

राजस्थान ने टॉस जीतकर चेन्नई को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। राजस्थान के गेंदबाजों ने बारिश की वजह से पिच को मिली नमी का पूरा फायदा उठाया और सीएसके के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटे। तेज गेंदबाज हों या फिर स्पिनर सीएसके के बल्लेबाजों के लिए आरआर के हर गेंदबाज को झेलना मुश्किल





हो रहा था। संजू सैमसन और ऋतुराज गायकवाड़ सीएसके को मजबूत शुरुआत नहीं दे सके। दोनों 6-6 रन बनाकर आउट हुए। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे आयुष म्हात्रे अपना खाता भी नहीं खोल सके। मैथ्यू शॉट भी 2 रन बनाकर आउट हो गए। टीम के शीर्ष 4 बल्लेबाजों में कोई भी दो अंकों में नहीं पहुंच सका। टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही और 19.4 ओवर में 127 रन पर सिमट गई।

आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए जेमी ओवरटन ने टीम के लिए अकेले लड़ाई लड़ी। ओवरटन ने 36 गेंदों पर 2 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 43 रन बनाकर टीम का स्कोर 127 तक पहुंचाने में अहम योगदान दिया। आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर रन आउट होने से पहले ओवरटन ने दसवें विकेट के लिए अंशुल कंबोज (नाबाद 7) के साथ 33 रन की साझेदारी की। इसके अलावा, सरफराज खान ने 17 और कार्तिक शर्मा ने 18 रन बनाए। 2012 से 2015 और 2018 से 2025 तक सीएसके का हिस्सा रहे दिग्गज ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने आरआर के लिए खेलते हुए अपने पहले ही मैच में अपनी पुरानी टीम को एक ही ओवर में दो बड़े झटके दिए। जडेजा ने एक ही ओवर में शिवम दुबे और सरफराज खान जैसे धाकड़ बल्लेबाजों को आउट किया। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोफ्रा आर्चर ने 4 ओवर में 19 रन देकर 2, नांद्रे बर्गर ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2, और रवींद्र जडेजा ने 3 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट लिए। ब्रिजेश शर्मा, संदीप शर्मा और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट मिला।

128 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल और वैभव सूर्यवंशी ने पहले विकेट के लिए 6.2 ओवर में 75 रन जोड़कर जीत की मजबूत नींव रखी। इस साझेदारी में वैभव ज्यादा मुखर रहे। वैभव ने 17 गेंदों पर 4 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 52 रन की पारी खेली। अंशुल कंबोज की गेंद पर सरफराज खान ने एक बेहतरीन कैच लेकर वैभव की पारी का अंत किया।

सिनेमा

## स्टाइल आइकन रितिक रोशन बने ONN ब्रांड के एम्बेसडर, प्रीमियम सेगमेंट पर फोकस तेज





**इंदौर।** देश की प्रमुख इनरवियर कंपनी लक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने प्रीमियम वियर ब्रांड ONN के लिए बॉलीवुड अभिनेता Hrithik Roshan को ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस कदम के जरिए कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम इनरवियर और थर्मल वियर बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है।

कंपनी की यह साझेदारी ONN ब्रांड की पहचान को मजबूत करने और खासकर युवा एवं महत्वाकांक्षी उपभोक्ताओं तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। ONN को एक आधुनिक लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में पेश किया गया है, जो कंफर्ट, परफॉर्मेंस और स्टाइल का संतुलित अनुभव देता है। अशोक तोड़ी चेयरमैन, लक्स इंडस्ट्रीज ने कहा कि यह सहयोग कंपनी के पोर्टफोलियो में मजबूत और प्रेरणादायक ब्रांड बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि ONN नई पीढ़ी के लिए आधुनिक डिजाइन, बेहतर आराम और स्टाइल प्रदान करने की कंपनी की सोच का प्रतिनिधित्व करता है, और रितिक रोशन की व्यक्तित्व और फिटनेस ब्रांड के मूल्यों से मेल खाती है।

वहीं, साकेत तोड़ी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, लक्स इंडस्ट्रीज के अनुसार, इस साझेदारी से ब्रांड की दृश्यता बढ़ेगी और प्रीमियम एवं परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड इनरवियर की तलाश कर रहे ग्राहकों से मजबूत जुड़ाव बनेगा।

## Highlights

1. **Missing girl found dead in B'luru, police probe suspected murder**
2. **India's 1st Musical road to shut at night: BMC after noise complaints**
3. **Ashwini Bhide becomes BMC's first woman commissioner**
4. **Flyover extension plan aims to ease Mysuru Road traffic woes**
5. **Major road upgrades and skywalk plan unveiled in BSCC budget**

# Rupee breaches 95/dollar, bond yield tops 7% as Iran war upends India's fiscal math

**NEW DElHI, (Agency).** The rupee weakened past the 95/dollar mark for the first time and the ten-year bond yield rose to the highest since July 2024, despite the central bank's most aggressive defence of the currency in more than a decade.



That, in effect, brings into question the Reserve Bank of India's "lower-for-longer" interest rate narrative just as the new fiscal is about to begin. With brent crude oil prices showing no signs of cooling, ₹100/Dollar is no longer a distant risk but a looming reality.

The rupee opened at 93.62, a gain of 128 paise, after the RBI issued a late-Friday circular slashing the net open position (NOP) banks can hold overnight to just $100 million. The move was designed to choke off speculative bets against the local currency.

The relief lasted only hours. The rupee surrendered all gains to hit an all-time intra-day low of 95.22 before settling at 94.78. "The move in the spot market shows that the RBI's step on the net open position has not worked," said Ashhish Vaidya, head of treasury at DBS Bank Ltd. in Mumbai. "Market liquidity has taken a hit, and essentially the risk appetite of market-makers is now considerably lower."

The carnage in the currency market spilled over into fixed income. The 10-year benchmark bond yield surged 9 basis points to 7.0345%, its highest level since May 2024. For the month of March, the yield has jumped 37 basis points, the sharpest monthly spike since February 2017. The derivatives market is signaling even deeper distress. Overnight Index Swaps (OIS)—a key gauge of interest rate expectations—saw record moves:

Two-year OIS: Closed at 6.48%, marking its largest-ever monthly move.

"Swaps are already pricing in 50-100 basis points of rate hikes in the next one year," said Alok Sharma, head of treasury at ICBC in Mumbai. He noted that the RBI's October policy assumption of $70-per-barrel oil is now obsolete, requiring a "significant revision" in the central bank's tone.

# HDFC Bank Chairman exit puts spotlight on CEO amid rumbles of top-level acrimony

**NEW DElHI, (Agency).** The surprise resignation of HDFC Bank Ltd.'s part-time chairman that wiped out $16 billion from the market capitalisation of India's biggest private lender, has put its CEO in the spotlight amid rumbles of acrimony in top management and unease about its underperformance versus peers.

On 18 March, Atanu Chakraborty resigned from HDFC Bank, citing differences over "values and ethics", triggering a stock selloff and a damage control exercise by the bank. While he did not elaborate on the differences he referred to, nine people, including board members and some current and former staff, told Reuters that the bank had been struggling with internal rifts in recent years, including between Chakraborty and CEO Sashidhar Jagdishan.

The two clashed over the bank's strategy and its HR policy, said the people with knowledge of the matter. They declined to be named due to the sensitivity of the matter.

The HDFC Bank management and India's banking regulator denied any governance or financial problems at the lender, but its stock fell 12% over three days after Chakraborty's exit. It recovered briefly after the bank said last week it had appointed external law firms to review the claims, and has weakened again. Investor concerns about HDFC Bank's management come at a particularly inconvenient time for the lender: the Iran war is set to weigh on the Indian economy and dim the outlook for credit growth in the banking sector.

"Investors will eventually look at longer-term performance but if the quarterly results and stock prices underperform markets, shareholders will ask questions of management performance and seek change of leadership," InGovern founder Shriram Subramanian told Reuters. InGovern is a corporate governance research and proxy advisory firm.

Jagdishan, whose term as CEO ends in October 2026 unless extended, took over the helm from HDFC Bank founder and CEO Aditya Puri in 2020.

# होटल की फाइव स्टार रेंटिंग करने के लिए कमीशन के नाम पर 3.12 लाख ऐंठे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर में ऑनलाइन ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लसूड़िया क्षेत्र में टेलीग्राम के जरिए होटल और प्रॉपर्टी को 5 स्टार रेटिंग देने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपए की ठगी कर ली गई। मामला साइबर सेल तक पहुंच गया है और जांच जारी है।**

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक पिंक सिटी निवासी विनय कुमार को 23 नवंबर 2025 को बजाज फिनसर्व कंपनी के नाम से मैसेज मिला। इसमें रोजाना रेटिंग देने पर कमीशन देने का लालच दिया गया। शुरुआत में छोटे अमाउंट डलवाए गए और फिर धीरे-धीरे बड़ी रकम जमा करवाई गई। आरोपियों ने पहले करीब 1.62 लाख रुपए खाते में डलवाए। इसके बाद इंसेंटिव का लालच देकर और पैसे मांगते रहे। प्रीति नाम की महिला ने 1 लाख रुपए और डालने पर पूरा पैसा इंसेंटिव के साथ लौटाने की बात कही। शक होने पर विनय ने एचडीएफसी बैंक में कॉल कर ट्रांजेक्शन रुकवाने की कोशिश की और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

पीड़ित के मुताबिक वह अब तक करीब 3 लाख 12 हजार रुपए आरोपियों को दे चुका है। बाद में आरोपियों ने उसे व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर ब्लॉक कर दिया। एक अन्य मामले में युवती के साथ करीब 19 लाख रुपए की ठगी सामने आई है। पुलिस के मुताबिक पारुल नाम की युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुभम गुप्ता नाम के व्यक्ति ने कई ट्रांजेक्शन के जरिए उसके खाते से करीब 18.81 लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। इस मामले में भी साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

# अपोलो टॉवर में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमजी रोड स्थित अपोलो टॉवर में काम करने वाली एक युवती के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी ने रात में पार्किंग में रोककर उसका हाथ पकड़ लिया और जबरदस्ती बात करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर उसे धमकाया भी।

तुकोगंज पुलिस ने आरोपी यश सोलंकी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता ने बताया कि वह अपोलो टॉवर की एक कॉस्मेटिक्स शॉप में काम करती है। उसकी पहचान सहेली के माध्यम से यश से हुई थी, लेकिन बाद में वह गलत तरीके से बात करने लगा। रविवार रात करीब 9 बजे काम खत्म कर जब वह घर जाने के लिए निकली, तो आरोपी ने पार्किंग में उसे रोक लिया। उसने हाथ पकड़कर अपनी तरफ खींचा और जबरदस्ती बात करने की कोशिश की। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। उसने यह भी कहा कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो वह उसे नौकरी नहीं करने देगा। किसी तरह युवती वहां से हाथ छुड़ाकर घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक